हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026
[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

04 विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूर्ण करें: प्रभारी मंत्री...



09 साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया, बचाव...



## खबर संक्षेप

### नववर्ष के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**नलखेड़ा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें नगर के ही भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। जानकारी देते हुए श्रीमद् भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यो ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष्य में 1 जनवरी से 7 जनवरी तक पुलिस थाने के पास नीमा ग्राउंड पर दोपहर 1 से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर के ही भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी उपस्थित श्रोताओं को कथा का रसपान कराएंगे। गुरुवार को कथा प्रारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा के साथ भागवत जी की शोभायात्रा गाजे - बाजे, ढोल - ढमाकों के साथ चौक बाजार स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई कथा स्थल नीमा ग्राउंड पहुंचेगी। उसके बाद श्रीमद् भागवत महापुराण के पूजन के बाद कथा प्रारंभ होगी।



### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 2 को होगी

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर बालागूरू के. की अध्यक्षता में 2 जनवरी, 2026 को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है।

### दुर्गादास बस्ती गंज में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन

**सीहोर।** हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दुर्गादास बस्ती गंज में 11 जनवरी को प्रस्तावित किया गया। करौली वाली माता मंदिर से सुबह 10 कलश यात्रा प्रारंभ की जाएगी। कलश यात्रा गंज के प्रमुख मांर्गो से होकर बड़ी ग्वाल टोली शासकीय हाई स्कूल के वसुधा मैरिज गार्डन पहुंचेगी। हिन्दुसंगम सामाजिक एकता, समरसता, सांस्कृतिक चेतना धार्मिक परम्पराओं को सुदृढ़ बनाने का एवम हिन्दू समाज की सामुहिक शक्ति के प्रकटीकरण के लिए हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन को साधू संत हिन्दू विचारक संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद सामुहिक भोजन प्रसादी का कार्यक्रम होगा। सकल हिंदू समाज दुर्गादास बस्ती गंज ने सभी हिन्दूजनों को आमंत्रित किया है।

# मनरेगा का नाम बदलने पर छिड़ा सियासी संग्राम, शिवराज के गढ़ सीहोर से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शुरू करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश में सरकारी योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति अब सडक़ों पर उतरने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार द्वारा 'मनरेगा' महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण किए जाने के फैसले ने प्रदेश की सियासत में उबाल ला दिया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने इस बदलाव को सीधे तौर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ऐलान किया है कि वे इस फैसले के विरोध में



आगामी 5 जनवरी से केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर से एक बड़ी पदयात्रा की शुरुआत करेंगे। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का आरोप है कि केंद्र सरकार सोची-समझी साजिश के तहत महापुरुषों और विशेषकर महात्मा गांधी की विरासत को मिटाना चाहती है। लोकसभा में इस बदलाव से जुड़ा बिल पास होने के बाद अब कांग्रेस इसे जनता के बीच ले जाने की तैयारी में है।

### मजदूरों को करेंगे लामबंद

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यह पदयात्रा सीहोर जिले की किसी ग्राम पंचायत से शुरू होगी। बता दें राजनीतिक गलियारों में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान और केंद्र सरकार को उनके ही गढ़ में घेरने की एक बड़ी रणनीति के रूप में देख रहे हैं। इस यात्रा के जरिए दिग्विजय सिंह न केवल ग्रामीण मजदूरों को लामबंद करेंगे, बल्कि गांधी कार्ड खेलकर भावनात्मक रूप से भी जनता को जोडऩे का प्रयास करेंगे।

### 2006 से शुरू हुई थी योजना

गौरतलब है कि मनरेगा महत्वपूर्ण और बुनियादी योजना रही है, जो ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम की कानूनी गारंटी देती है। इस अधिनियम को सितंबर 2005 में पारित किया गया था और 2 फरवरी 2006 को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से इसकी शुरुआत हुई थी। प्रारंभ में इसे नरेगा के नाम से जाना जाता था, लेकिन 2 अक्टूबर 2009 को इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया था। अब दिसंबर 2025 में केंद्र सरकार ने इसके ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन करते हुए इसे विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण का नया नाम दिया है।

## कलेक्टर ने ली समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक, दिए दिशा निर्देश

# लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित लंबित प्रकरणों, विशेषकर 6 माह से 1 वर्ष तथा 3 माह से 6 माह की अवधि वाले प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को कलेक्टर सभा कक्ष में समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयावार लंबित प्रकरण की जानकारी ली । साथ ही राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। एवं जिन प्रकरणों में राजस्व वसूली नहीं हो रही है, वहां नियमानुसार कुर्की की कार्यवाही करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बड़बड़े, प्रेम नारायण परमार सहित जिले के समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी 5 जनवरी को प्रस्तावित कलेक्टरझ्रकमिश्नर कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किए जाने वाले विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की रोगी कल्याण समिति, पोषण समिति एवं कुपोषित बच्चों के सर्वे कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं से संबंधित समस्त कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग आपसी समन्वय से संयुक्त रूप से फील्ड में जाकर करें। वास्तविक लाभार्थियों की पहचान कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा समस्त जानकारी पोर्टल पर सही एवं अद्यतन रूप से दर्ज की जाए, जिससे किसी भी प्रकार का डाटा मिसमैच न हो। समग्र आईडी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग, सीईओ जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। साथ ही एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति की भी समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड डोर-टू-डोर जाकर बनाए जाएं तथा संबंधित डाटा को दुरुस्त किया जाए। कलेक्टर ने इस कार्य की प्रगति को असंतोषजनक बताते हुए शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिए।

बैठक में एक जिला एक उत्पाद योजना अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग से संबंधित कार्यों के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा कर उनके त्वरित निराकरण हेतु कार्यवाही करने को कहा गया। कलेक्टर ने बताया कि आगर में फायर स्टेशन हेतु भूमि आवंटन की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि भूमि आवंटन से संबंधित किसी भी प्रकार की रिपोर्ट लंबित न रखी जाए। कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 6 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित करने तथा जिन अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि केवल शिकायतों के प्रतिशत सुधारने की भावना न रखते हुए वास्तविक एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

शासकीय पोर्टल आई-गो पर सभी विभागों द्वारा एंट्री करने तथा संबंधित पोर्टल पर भी बेसिक जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आनंद उत्सव के आयोजन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक के अंत में सीएम हेल्पलाइन में बेहतर प्रदर्शन एवं उच्च प्रतिशत निराकरण के लिए खाद्य अधिकारी मालवीय को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही राजस्व वसूली में उत्कृष्ट कार्य करने पर तहसीलदारों को चेक वितरित किए गए। बैठक में जिले के समग्र विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## विकासखंड के सुईगांव विद्यालय की छात्रा का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुईगांव की छात्रा लक्ष्मी का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया है। लक्ष्मी ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक संदीप परिहार के मार्गदर्शन में प्रत्येक घरों में वर्षभर भंडार अनाज को साफ करने की आसान युक्ति का प्रोटोटाइप अनाज साफ करने की नवाचारित मशीन बनाई। जिसे प्रत्येक निर्णायको द्वारा सराहा गया। लक्ष्मी अब प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

बता दें कि 29 से 30 दिसंबर तक राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का आयोजन गुजराती इंग्लिश मीडियम स्कूल इंदौर में किया था। इसमें प्रदेशभर से चयनित 270 विद्यार्थियों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ 27 विज्ञान नवाचार मॉडलों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया जिसमें नलखेड़ा विकासखंड के शासकीय स्कूल की छात्रा लक्ष्मी का मॉडल भी शामिल है। छात्रा के चयन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी प्राचार्य अनिता जैन वरिष्ठ शिक्षक मुकेश कुमार लोहार राजेन्द्र बैरागी सुरभि श्रीवास्तव अनिल चतुर्वेदी व अन्य शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते हुवे राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

### क्षत्रिय समाज की प्रथम मासिक बैठक का किया आयोजन

**नलखेड़ा।** वीर विक्रमादित्य सेना क्षत्रिय समाज की प्रथम मासिक बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया जिसमें उपस्थित समाज जनों द्वारा विभिन्न निर्णय लिए गए। बुधवार को श्री कालेश्वर भगवान के पावन परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा श्री वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर चंदन एवं पुष्प हार चढ़ाकर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थिति रहे। बैठक में वीर विक्रमादित्य सेना क्षत्रिय समाज अध्यक्ष ने बताया कि वीर विक्रमादित्य सेना का लक्ष्य समाज के समस्त महापुरुषों की जयंती मनाना। एवं अपने घर में महापुरुषों की तस्वीर लगाना ओर उनके मार्गदर्शन पर चलना। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आगर जिला में राजपूत समाज छात्रावास के लिए भी अपना मत रखा। जिसका सभी ने समर्थन किया। आगामी प्रांतीय सम्मेनल के लिए भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों एवं विद्यार्थियों को मंच के माध्यम से सम्मानित करने पर भी विचार किया गया।

### श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हुए कई अनुष्ठान आयोजन

**नलखेड़ा।** तिथि अनुसार अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। पौष माह शुक्ल पक्ष की



द्वादशी तिथि अनुसार बुधवार को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर नगर के चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर प्रातः चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार कर श्रृंगार आरती की गई। 11 बजे से हवन अनुष्ठान किया गया। सायं 7.30 बजे हनुमान जी की महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। महाआरती के पश्च्यात महाप्रसादी का वितरण किया गया। इसके पश्च्यात पुनः हवन किया गया। इसी अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर के बाहर स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान जी का आकर्षक श्रृंगार कर आरती की गई।

# संघ शताब्दी वर्ष में हुआ हिंदू महासम्मेलन का आयोजन

## संत गोविंद जाने ने हिंदुओं को एक संगत एक पंगत का मंत्र दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष व श्री रामलला स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तहसील के बड़ागांव में खेड़ापति हनुमान बावड़ी पर बुधवार को हिंदू महासम्मेलन का आयोजन हुआ।

महासम्मेलन में समाज सेविका आस्था नारोलिया ने संघ के पंच परिवर्तन के विषय पर विस्तार से बताया। जिसमें कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से टूटते परिवार का कारण आधुनिक जीवन शैली को बताया। उन्होंने संस्कारों के साथ परिवार को एक साथ भोजन करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आगर जिले के प्रचार प्रमुख योगेन्द्र रावत ने संघ की स्थापना 1925 से लेकर सौ वर्ष की यात्रा व प्रकल्प को विस्तार से समझाया।






सम्मेलन के प्रमुख वक्ता संतश्री गोविंद जाने ने हिंदुओं को एक संगत एक पंगत का मंत्र दिया। उन्होंने बांग्लादेश की घटना का उल्लेख करते हुए एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र का पूजन व गौमाता का पूजन किया गया। बहिन शिक्षा राजपूत द्वारा खेतों में बढ़ते रासायनिक उर्वरक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए लघु नाटिका के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी गई। यह पूरा कार्यक्रम पर्यावरण के अनुकूल रहा और इसे पोलिथीन मुक्त रखा गया। महासम्मेलन में बड़ी संख्या में समाजजन व मातृशक्ति उपस्थित थीं।

## वर्ष में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे, अन्य छुट्टियां भी

# साल 2026 का अवकाश कैलेंडर जारी, 127 दिन बंद रहेंगे दफ्तर, गणेश चतुर्थी पर अब सार्वजनिक छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार ने वर्ष 2026 का आधिकारिक अवकाश कैलेंडर जारी कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार साल 2026 में सरकारी कर्मचारी कुल 127 दिन अवकाश पर रहेंगे, जबकि कार्यालयों में 238 दिन कामकाज होगा। इस कैलेंडर में शनिवार और रविवार की छुट्टियों के साथ.साथ त्योहारों की सूची भी स्पष्ट कर दी गई है।

नए कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव गणेश चतुर्थी को लेकर किया गया है। 14 सितंबर को पडऩे वाली गणेश चतुर्थी को अब सामान्य अवकाश यानी सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही साल भर में कुल




सार्वजनिक छुट्टियों की संख्या बढक़र 23 हो गई है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए 62 ऐच्छिक अवकाश की सूची भी जारी की गई है, जिनमें से कर्मचारी अपनी पसंद के कोई भी तीन अवकाश ले सकेंगे।

### फाइव-डे वर्किंग रहेगा बरकरार

कर्मचारियों के लिए एक और बड़ी खुशी की बात यह है कि सरकार ने फाइव-डे वर्किंग (सप्ताह में 5 दिन काम) के नियम को 2026 में भी जारी रखने का निर्णय लिया है। कोविड-19 महामारी के दौरान शुरू हुई यह व्यवस्था अब भी प्रभावी रहेगी। हालांकि बीते दिनों काम के घंटे बढ़ाने को लेकर चर्चाएं तेज थीं, लेकिन विभागों और कर्मचारी संगठनों के बीच सहमति न बनने के कारण फिलहाल कार्य समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साल 2026 में कुल 52 शनिवार और 52 रविवार को दफ्तरों में ताले लटके रहेंगे।

### छुट्टियों पर त्योहारों का साया

कैलेंडर के विश्लेषण से पता चलता है कि 2026 में कुछ प्रमुख त्योहार शनिवार या रविवार के दिन पड़ रहे हैं। इससे कर्मचारियों को मिलने वाले अतिरिक्त अवकाश का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### 2026 के प्रमुख सार्वजनिक अवकाश

गणतंत्र दिवसः 26 जनवरी, होलीः 4 मार्च, गुड़ी पड़वा/चेतीचंडः 19 व 20 मार्च, रामनवमीः 26 मार्च, महावीर जयंतीः 31 मार्च, गुड फ्राइडेः 3 अप्रैल, अम्बेडकर जयंती/बैशाखीः 14 अप्रैल, परशुराम जयंतीः 20 अप्रैल, बुद्ध पूर्णिमाः 1 मई, ईद.उल.जुहाः 27 मई, महाराणा प्रताप जयंतीः 17 जून, मुहर्रमः 26 जून, मिलाद.उन.नबीः 26 अगस्त, श्रीकृष्ण जन्माष्टमीः 4 सितंबर, गांधी जयंतीः 2 अक्टूबर, विजयदशमीः 20 अक्टूबर, दीपावलीः 8 नवंबर, गुरु नानक जयंतीः 24 नवंबर, क्रिसमसः 25 दिसंबर

## छात्राओं की सुरक्षा पर उठी आवाज ऑपरेशन मजनू चलाने की मांग


**सीहोर।** शहर में बढ़ते परीक्षा सत्र के बीच छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सीहोर को एक ज्ञापन सौंपकर शहर में ऑपरेशन मजनू को तत्काल प्रभाव से शुरू करने की मांग की गई है। आवेदनकर्ता आशीष गहलोत ने बताया कि इन दिनों बड़ी संख्या में छात्राएँ सुबह से देर शाम तक कोचिंग संस्थानों और विद्यालयों में आ-जा रही हैं। इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छींटाकशी, पीछा करने और मानसिक प्रताड़ना जैसी घटनाएँ सामने आ रही हैं, जिससे छात्राएं डर और तनाव में रहती हैं तथा उनके पढ़ाई पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला को मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और कोचिंग जोनों में सघन गशत बढ़ाई जाए तथा ऑपरेशन मजनू को सख्ती के साथ लागू किया जाए। साथ ही छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, 112 और 181 की जानकारी देकर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

गर्ल्स कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, पीजी कॉलेज, आदिवासी कन्या छात्रावास, इंग्लिशपुरा रोड, कोतवाली चौराहा, उत्कृष्ट स्कूल और महारानी लक्ष्मीबाई कन्याशाला सहित प्रमुख शिक्षण संस्थानों के आसपास नियमित निगरानी और कार्रवाई की विशेष जरूरत बताई गई है। इस अवसर पर ब्रजेश पटेल ईश्वर सिंह चौहान और विनीत गोयल उपस्थित थे। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि हाल ही में इस तरह की छेड़छाड़ की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, इसलिए पुलिस प्रशासन से त्वरित कदम उठाने की मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

### गंदे पानी की शिकायत का निगम आयुक्त ने किया निराकरण



**देवास।** वार्ड 27 पुराना मछली मार्केट मोती बंगला स्थित फायर स्टेशन के सामने निवासरत अकरम शेख एवं उनके परिजनों द्वारा क्षेत्र मे जल प्रदाय से होने वाले गंदे पानी की शिकायत की गई, जिसे आयुक्त दलीप कुमार द्वारा तत्काल संज्ञान मे लिया जाकर जल प्रदाय से संबंधित निगम के तकनीकी अमले एवं अमृत 2.0 योजना अन्तर्गत शहर मे डाली जाने वाली पाईप लाईन के ठेकेदार बानको कन्स्ट्रशन के स्टॉफ एवं पीडीएमसी शाह टेक्निकल के फिल्ड इंजिनियरों को मौका निरीक्षण कर स्थल पर गंदे पानी की शिकायत के संबंध मे तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करने एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके तारतम्य मे निगम सहायक यंत्री दिनेश चौहान अपने दल के साथ मौको पर जाकर वस्तु स्थिति का अध्ययन कर कर पुरानी पाईप लाईन के डेमेज होने से गंदा पानी सप्लाय होने के संबंध मे आयुक्त को अवगत कराने पर उनके द्वारा तत्काल नई 110 एमएम डाया की पाईप लाईन बिछाई जाने के निर्देशों के साथ साथ मौके पर पीने के पानी का टेंकर खडा करने एवं नई पाईप लाईन शीघ्र डाली जाने के निर्देश दिए गए।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूर्ण करें: प्रभारी मंत्री देवड़ा

### जिले में किए गए नवाचार देवास जॉब पोर्टल, ऑपरेशन त्रिनेत्रम, किलकारी अभियान और बाल वाटिका की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की शुरूआत प्रभारी मंत्री देवड़ा सभी जिलेवासियों और समिति सदस्यों को नव वर्ष की बधाई देकर की। देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश और जिले ने दो वर्ष में बहुत सी उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि जिला विकास सलाहकार समिति का उद्देश्य जिले के विकास के लिए मिलकर कार्य करना है। देवड़ा ने कहा कि जिले के नागरिकों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्त्तव्य है। हम, सभी नागरिकों की अपेक्षा पर खरे उतरे यह हमरा प्रयत्न होना चाहिए। अधिकारी जिले के नागरिकों की समस्याओं को सुने और उसका निराकरण करें। जिले के शतप्रतिशत पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लक्ष्य को लेकर कार्य करें। आपके पास जो भी आवेदन आते है, उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। आवेदन कागज का टुकड़ा नहीं, आवेदक की पीढ़ा है। इसलिए प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेकर समस्या का निराकरण करना सुनिश्चित करें।प्रभारी मंत्री देवड़ा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। पीएमजीएसवाय की समीक्षा कर जीएम पीएमजीएसवाय को निर्देश दिए कि पीएमजीएसवाय के तहत बनाए जा रहे मार्गों का कार्य गुणवत्तापूर्ण करें। गुणवत्तापूर्ण मार्ग निर्माण नहीं करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। देवड़ा ने हाटपीपल्या माइक्रो सूक्ष्म उद्यम सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बिजली विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि कुछ व्यक्तियों द्वारा बिल नहीं जमा करने पर एमपीईबी पूरे गांव की लाइट नहीं काटे। प्रभारी मंत्री ने जिले में किये गये नवाचारों देवास जॉब पोर्टल, किलकारी अभियान, बाल वाटिका और ऑपरेशन त्रिनेत्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले में अच्छे नवाचार किये जा रहे है। जिले में किये जा रहे नवाचार अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायी बनेंगे। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले में दो वर्ष किये गये विकास कार्यो एवं आगामी समय में जिले में किये जाने वाले विकास कार्यो की जानकारी दी। सिंह ने बताया कि देवास जॉब पोर्टल के माध्यम जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए किलकारी अभियान चलाया जा रहा है। जिले की 422 ग्राम पंचायत में बाल वाटिका बनाई गई। बाल वाटिका के लिए जिले का स्कॉच अवार्ड के लिए चयन हुआ है। आपराधिक घटनाओं को रोकने और कम करने के लिए जिले में ऑपरेशन त्रिनेतम चलाया जा रहा है, जिसमें नागरिकगण स्वयं के व्यय पर घरों में सीसीटीवी कैमरे लगा रहे है। बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्यों ने जिले के विकास के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा, बागली विधायक मुरली भंवरा, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, महापौर गीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, नगर निगम सभापति रवि जैन, देवास सांसद प्रतिनिधि शंभु अग्रवाल, खण्डवा सासंद प्रतिनिधि जय प्रकाश शर्मा, दुर्गेश अग्रवाल सहित अन्य समिति सदस्य,। एसपी पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# महिलाओं ने बागली एसडीएम को ज्ञापन सौंप रोजगार सहायक की शिकायत की

### अभद्र व्यवहार करने का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

लचीले सिस्टम का असर अब ग्रामीण स्तर पर भी नजर आने लगा है। निचले कर्मचारी भी अब प्रशासनिक मर्यादा को लांघते हुए नजर आने लगे हैं। एक रोजगार सहायक सचिव व्दारा महिलाओं से अभद्रता करने को लेकर शिकायत की गई है। बुधवार को ग्राम पंचायत गुराडदा की गाँव जोजकपूरा निवासी महिलाएं बड़ी संख्या में बागली पहुंची। जहां पर जनपद सीईओ एवं अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गाँव में जल जीवन मिशन तहत पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, परंतु दुर्भाग्यवश, अभी तक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हुआ है। साजनबाई ने बताया कि गांव में प्राथमिक विद्यालय है परंतु बच्चों को जो शिक्षा मिलनी चाहिए वह शिक्षा नहीं मिल रही है, शिक्षक उपस्थित नहीं हो रहे है। प्राथमिक विद्यालय का भवन तो बना हुआ है परंतु भवन बहुत जर्जर अवस्था में है। सरकार की योजनाओं का हमें कोई लाभ नहीं मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना तहत अभी तक एक भी भवन गांव में नहीं बना है। ग्राम पंचायत को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है। शिकायत करने पर रोजगार सहायक की मनमानी तथा महिलाओं से अभद्र व्यवहार किया जाता है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सभी महिलाओ व ग्रामीणों ने मांग की है कि इन समस्याओ के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

इस दौरान दिनेश चौहान रणजीत चौहान, वान सिंह, पवन सीताराम, भावसिंह, कालु ,सरस्वती बाई, अंजुबाई, कुसुम, किरण, संतोष, साजन बाई, मिना बाई, राजकोर बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। एसडीएम शिवम यादव ने बताया कि इस संबंध में टीमों को भेजा गया है।

### सतवास उपचुनाव की जीत पर जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष का किया स्वागत



**देवास।** कांग्रेस जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से जिले की बागली विधानसभा की सतवास नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सोनम शाह की जीत पर चामुंडा कांप्लेक्स परिसर में जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी, एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम का आतिशबाजी, ढोल एवं पुष्पमालओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर पं. रितेश त्रिपाठी, राजा पड़ियार, सिद्धार्थ माहुरकर, दिपेश हरोड़े, एजाज शेख नीलम, हफीज घोसी, जितेन्द्र गौड़, रूपेश कल्याणे, इशान राणा, हर्षद गौड़, आरिफ मेव, रईस कामदार, दीपेश कानूनगो, प्रथमसिंह पंवार, रियाज नागोरी, अंकित खरे, अविनाश जाटवा, इरशाद कुरेशी, वसीम हुसैन, कुद्दुस शेख सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी यशवंत कुशवाह ने दी।

# गोल्डन आवर में सायबर सेल की तत्परता, 11 दिनों में फ्रॉड की 9.86 लाख की राशि लौटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



ऑपरेशन सायबर अंतर्गत देवास पुलिस की सायबर सेल की तत्परता के चलते प्रारंभिक महत्वपूर्ण समय में बैंक खाते फ्रीज/होल्ड करना, डिजिटल साक्ष्य संकलन एवं अपराधियों की पहचान करना संभव हुआ, जिससे ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।इसी क्रम में 19 दिसंबर को आवेदक लोकेश विजयवर्गीय निवासी कोतवाली द्वारा सायबर फ्रॉड के जरिये 9,86,393/- ठगे जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। थाना कोतवाली के साइबर मित्र और जिला स्तरीय साइबर सेल टीम द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से आवेदक की फ्रॉड गई संपूर्ण राशि 9,86,393/- को होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त कर उक्त राशि को दिनांक 30 दिसंबर को आवेदक के खाते में पुनः लौटाई गई। आवेदक लोकेश ने धनराशि पुनः लौटाने पर देवास पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुलिस द्वारा नया मोर्चा खोलते हुए सायबर ठगी में संलिप्त मोबाइल नंबरों की पहचान कर उन्हें दूरसंचार विभाग के सहयोग से त्वरित रूप से ब्लॉक कराया जा रहा है। इन नंबरों के ब्लॉक होने से न केवल ठगों की पहुँच सीमित होती है, बल्कि वे पुनः किसी अन्य व्यक्ति को निशाना बनाने में भी असमर्थ हो जाते हैं । इसी क्रम में सायबर सेल देवास ने ऑपरेशन सायबर के तहत अब तक कुल 2200 मोबाईल नम्बरों को ब्लॉक कराया जाकर सायबर ठगों पर एक कड़ा प्रहार किया है। उक्त सराहनीय कार्य में प्रभारी सायबर सेल देवास प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,प्रआर सचिन चौहान,मप्रआर मुर्तजा,मआर नैना खान,निशा पाटोरिया,आर राहुल बडोले,मोनू राणावत का विशेष योगदान रहा।

# थाना कमलापुर ने किया लुटेरी दुल्हन गिरोह का पर्दाफाश, पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



26 दिसंबर को फरियादी रवि जाटवा एवं सतीश डोरिया निवासीगण ग्राम बेड़ामऊ ने थाना कमलापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 दिसम्बर को आरोपी मनीष चौबे निवासी जिला छिंदवाड़ा के माध्यम से उनकी शादी जटाशंकर मंदिर बागली में महिलाओं आरती मरकाम एवं सरिता परतेती से करवाई गई।

शादी के नाम पर आरोपियों द्वारा नगद 3 लाख रुपए प्राप्त किए गए। 23 दिसंबर को दोनों तथाकथित दुल्हनें फरियादियों को खाने में नींद की गोलियां देकर घर से फरार हो गईं तथा नगद राशि एवं सोने का मंगलसूत्र लेकर चली गईं। उक्त रिपोर्ट पर थाना कमलापुर में अपराध क्रमांक 255/2025 धारा 83,318(3), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, जिस पर थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर जिला छिंदवाड़ा से इस संगठित लुटेरी दुल्हन गिरोह के 05 आरोपी मनीष उर्फ विक्की चौबे, अजय मरकाम, सरिता परतेती,आरती मरकाम और पार्वती उइके सभी निवासी जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारआरोपी मनीष चौबे के विरुद्ध पूर्व से ठगी, धोखाधड़ी एवं मारपीट के कुल 06 अपराध विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध पाए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास सेनगद राशि 1,95,000/- इंडिगो कार, सोने का पेंडल युक्त मंगलसूत्र जप्त किया है। उक्त गिरोह अविवाहित पुरुषों को शादी का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलता था। गिरोह के सदस्य फर्जी नाम-पते बताकर विवाह कराते थे एवं योजनाबद्ध तरीके से महिलाओं को कुछ दिनों बाद घर से फरार होने के निर्देश दिए जाते थे।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलापुर उप निरीक्षक सर्जन सिंह मीणा, प्रआर राजेंद्र शर्मा, भगवती प्रसाद,अरुण आर्य,रायचंद, आर विवेक, दिलीप, अरुण वर्मा, मआर वंदना प्रजापति, जयबंती बट्टी, सुनीता,साइबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान,शिव प्रताप सिंह एवं आर सोनू कुमार की भूमिका रही।

### सेवानिवृत्त जाजू का किया स्वागत सम्मान



**भौरासा।** बुधवार को देवास से सोनकच्छ जाते समय नरेंद्र कुमार जाजू की सेवानिवृत्ति होने पर जगह-जगह स्वागत किया गया। जाजू कृषि उपज मंडी समिति में प्रदेश के विभिन्न शहरों में अपनी 35 वर्ष की सेवा पूर्ण कर बुधवार को देवास से सेवा निवृत्त होने पर जाजू परिवार द्वारा उनके सम्मान में एक कार्यक्रम सोनकच्छ में आयोजित किया गया। इसी कडी में देवास से सोनकच्छ जाते समय भौरासा फाटे पर पार्षद भादर सिंह भाटिया,भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय देव नागर, मुकेश खत्री, सहित अन्य साथियों द्वारा स्वागत किया गया।

# शासकीय सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह किया आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बुधवार को शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय भौरासा के शिक्षक कन्हैयालाल खाटवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर खाटवा परिवार भौरासा द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें नगर के समाज जनों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। खाटवा ने अपने सेवाकाल में 40 वर्ष की सेवा पूर्ण की। उनकी शासकीय सेवा की शुरुआत 16 अप्रैल 1986 सहायक शिक्षक के रूप में शुरू की थी। क्षेत्र के विभिन्न शासकीय स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हुए प्रा.वि. बा. भौरासा में 1998 से लंबे समय तक अपनी सेवाएं प्रदान की। खाटवा विकासखंड के आदर्श, निष्ठावान और श्रेष्ठ शिक्षकों में गिने जाते रहे। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनकच्छ बीआरसी संतोष शर्मा, विशेष अतिथि भौरासा भाजपा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावडा, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, रोटरी क्लब पूर्व मंडल अध्यक्ष सतनारायण लाठी, कर्मचारी संगठन के सोभाग सिंह गौड, रोटरी क्लब भोपाल के हर्ष मित्तल, रोटरी क्लब सोनकच्छ के दिनेश राठौर, दिनेश कारपेंटर,भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष आराम सिंह ठाकुर,भौरासा रोटरी क्लब अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह नागर, शिक्षा समिति अध्यक्ष विनोद डोडिया, शक्ति माता योग समिति अध्यक्ष सचिन यादव, समाजसेवी विक्रम सिंह खाटवा, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन किशोर वर्मा ने किया। कार्यक्रम के पश्चात खाटवा को जुलूस के रूप में स्कूल से घर तक ले जाया गया। बड़े हनुमान चौक से छोटे हनुमान चौक तक ढोल धमाकों के साथ रास्ते में जगह-जगह स्वागत किया गया। स्वागत मंच पर उन्हें जामफल से तोला गया जिसमें बड़े हनुमान चौक में रोटरी क्लब,राजेंद्र यादव मित्र मंडल, मां भगवती रेस्टोरेंट, इंदर सिंह ठाकुर मित्र मंडल, योग समिति भौरासा, मां शक्ति संस्था परिवार, राजपूत समाज, रपट मंडली, राशन एड ग्रुप, हेड़ा परिवार शामिल रहा। वहीं छोटे हनुमान चौक में मंत्री परिवार द्वारा खाटवा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या एवं बालक उमावि संकुल के समस्त शिक्षक एवं नगर के संस्थानों, प्रेस क्लब एवं विभिन्न समाजजन, सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अपने कीमती मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामियों ने पुलिस को दिया धन्यवाद

# पुलिस की साइबर सेल ने 40 लाख के 220 मोबाइल खोजे






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा 360-पुलिसिंग के अन्तर्गत ज़िलेवासियों को साइबर फ्रॉड से राहत प्रदान करने हेतु "ऑपरेशन साइबर" प्रारंभ किया है। इस अभियान अंतर्गत सर्वप्रथम ज़िला स्तरीय साइबर सेल के माध्यम से प्रत्येक थाना पर पदस्थ दो-दो पुलिसकर्मियों को "साइबर-मित्र" के रूप में चिह्नित कर उन्हें साइबर फ्रॉड एवं गुम मोबाईल संबंधी मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक थाना स्तर पर प्रतिदिन "पुलिस चौपाल" आयोजित कर पुलिस गाँव-मोहल्ला-क़स्बा-वॉर्ड में जनता को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय और साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 या 112 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित कर रही है। इसी क्रम में सायबर सेल देवास द्वारा कार्यवाही की गई।

### 220 मोबाइल लौटाए वापस

सायबर सेल देवास को लगातार प्राप्त हो रहे मोबाइल गुमने संबंधी आवेदन पत्रों पर कार्यवाही करते हुए पुलिस एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन, एएसपी यातायात हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन में सायबर सेल देवास द्वारा गुमे हुए कुल 220 मोबाइल कीमती लगभग 40 लाख के खोजे गए ।

सभी गुम हुए मोबाइल को नववर्ष के उपहार के रूप में बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम देवास में एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस अधीक्षक देवास द्वारा संबंधित मोबाइल स्वामियों को वितरित किए गए । साथ ही सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध मे जनता को जागरुक किया गया ।शहरवासी रेखा ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि तीन माह पहले भोपाल चौराहा के पास उनका 60 हजार रुपए का आईफोन गिर गया था। उन्होंने उसी दिन बीएनपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और साइबर सेल को सूचित किया। तीन महीने के भीतर उन्हें उनका फोन वापस मिल गया, जिसे महाराष्ट्र से बरामद किया गया था। रेखा ने एसपी और साइबर सेल टीम को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि जिलेवासियों के गुम हुए मोबाईल फोन खोजने हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जारी ₹ऑपरेशन साइबर₹ के तहत जिला साइबर सेल ने वर्ष 2025 में लगभग 1 करोड़ की राशि के कुल 655 गुमे हुये मोबाइल फोन को खोजकर,उनके स्वामियों को वापस लौटाये गए।उक्त सराहनीय कार्य में जिला सायबर सेल प्रभारी प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर,प्रआर सचिन चौहान, मप्र आर मुर्तजा,म आर नैना खान,निशा पाटोरिया,आर राहुल बडोले,मोनू राणावत का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी की जनपदवासियों को शुभकामनाएं

**ललितपुर ।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त नागरिकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की हैं। जिलाधिकारी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि वर्ष का यह संध्याकाल आत्मचिन्तन, अनुभवों से सीख लेने तथा नये संकल्पों के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। बीते वर्ष में जनपद में अनेक चुनौतियों के बावजूद प्रशासन और जन सहयोग से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा है कि ह्यह्यआगामी वर्ष में जिला प्रशासन शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार सृजन, सामाजिक कल्याण एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करता रहेगा, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी संकल्प के साथ जिला प्रशासन संकल्पित होकर कार्य करेगा। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द्र, सामाजिक समरसता एवं अनुशासन बनाये रखते हुए जनपद की विकास यात्रा में सहभागी बनने की अपील की।

### साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट के बारे में बताया

# साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया, बचाव के लिए उपाय बताए



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम करमुहारा स्थित राजकीय जूनियर हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गयी। पुलिस ने डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित पुलिस से सम्पर्क करें।

## सड़क सुरक्षा जागरुक कार्यक्रम का आयोजन




**ललितपुर ।** केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश की अध्यक्षता में सडक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं को सड़को के नियम एवं सुरक्षा से सम्बंधित दिशा निर्देश दिये गये तथा सहायक राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिकतर लोग जल्दबाजी व लापरवाही से वाहन चलाने पर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। अतः आप भले ही देर से पहुँचे लेकिन सुरक्षित पहुँच क्योकि दुर्घटना से देर भली। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने अपने सम्बोधन में कहा कि नाबालिग बच्चे वाहन ना चलायें एवं बालिग छात्र-छात्रायें भी लाइसेंस के साथ नियंत्रित गति से वाहन चलाऐं और हेलमेट / सीट बैल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने आगे कहा कि सड़कों पर अन्ना जानवरों से भी सावधान रहें। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि छात्र-छात्रायें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें एवं यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करें इसके साथ अपने आस पडोस एवं समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें जिससे बढ़ती हुई दुर्घटनाओं को रोका जा सके एवं सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता पुष्पेन्द्र पुरोहित ने किया एवं अंग्रेजी प्रवक्ता जगत राज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ साकेत कुमार दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

### वार्षिकोत्सव में पेश किए कार्यक्रम

## राजकीय इंटर कॉलेज मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

राजकीय इंटर कॉलेज धौर्रा में समग्र शिक्षा माध्यमिक के अतंर्गत करियर गाइडेंस मेला और वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीआईओएस ओमप्रकाश मौजूद रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्ता लेखाधिकारी घनश्याम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कैरियर गाइडेंस मेले में विभिन्न क्षेत्रों के अतिथियों ने बच्चों को आगे बढने हेतु प्रेरित किया गया। इनमें अटल विद्यालय प्रधानाचार्य जियालाल, बैंक, डाक, रेल्वे, स्वास्थ्य, पत्रकारिता, उच्च शिक्षा, पंचायत विभाग और अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं पिछले सत्र के मेधावी छात्रों का ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य प्रणवीर सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तो वहीं मंच संचालन अनुराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापक मोहन, साजिद, अर्जुन सप्रे आदि का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान अटल महाविद्यालय की प्रधान अध्यापक जियालाल, अध्यापक हीरालाल कुशवाहा, पूर्व प्रधान रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, विनय तिवारी, महावीर कुशवाहा, इंद्रजीत यादव, जितेंद्र खटीक, आनंद कुशवाहा, ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे।

## इनवर्टर, बैटरी व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

तालबेहट क्षेत्रांतर्गत खांदी के सिविल लाइन निवासी हनी पस्तोर पुत्र उमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 29 दिसम्बर की रात वह घर में सो रहा था।

उसके घर में दो भाग है और दूसरे भाग में इनवर्टर व बैटरी व अन्य सामान रखा हुआ है। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने दूसरे भाग का ताला तोड़कर उसी समय घर से बैटरी, इनवेटर व इलैक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गये हैं। जब उसने सुबह देखा और जांच की तो पायाकि सीसीटीवी कैमरे में रात 12.28 बजे की घटना है, जिसमें घटना कैद हुयी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दानदाता एवं धर्मप्रेमियों का लग रहा तांता

## चमत्कारी संकट मोचन हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

**ललितपुर।** सिविल लाइन क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2025 की विदाई तथा नववर्ष 2026 के आगमन के उपलक्ष्य में श्रीराम चरितमानस का अखण्ड पाठ का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष पं.हरिश्चन्द्र रावत द्वारा विधि विधान एवं पूजन के साथ अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ किया गया। अखण्ड रामायण पाठ बामौरकलां (शिवपुरी) के शास्त्री पं.मदन चौबे की संगीतमय मण्डली द्वारा प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसकी पूर्ण आहूति एवं प्रसाद वितरण तथा सम्मान समारोह 01 जनवरी 2026 को विधि विधान के साथ संपन्न होगा। वहीं मंदिर समिति के प्रबन्धक / वरिष्ठ पत्रकार पं.महेश प्रसाद शर्मा ने समस्त श्रद्धालुओं/भक्तगणों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है। इस कार्य को संपन्न कराने के लिये प्रेस क्लब अध्यक्ष पं.राजीव बबेले सप्पू, मनोज जैन (गुडडू) तथा वार्ड पार्षद कुन्दन पाल के अलावा सुरेन्द्र पाल रिंकू आदि का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। अखण्ड रामायण पाठ के लिये श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के द्वारा श्रद्धाभाव से दान दिया जा रहा है। वहीं पं.मदन चौबे बामौरकलां (शिवपुरी) की संगीतमय अखण्ड पाठ को सुनने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा है। वहीं प्रेस क्लब अध्यक्ष पं.राजीव बबेले सप्पू तथा वार्ड पार्षद कुन्दन पाल, मनोज जैन आदि का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वहीं मंदिर प्रबन्धक/वरिष्ठ पत्रकार पं.महेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि नववर्ष के तथा जनमानस के हितार्थ यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष कराया जाता है। सुरेन्द्र पाल उर्फ रिंकू का विशेष सहयोग रहता है।

### निजी चिकित्सालय में भर्ती थी युवक की मां, ब्लड की जरूरत थी

# ओ निगेटिव ब्लड के लिए दो दिन से भटक रहे युवक की जय अंबे रक्तदान समिति ने की मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

निजी चिकित्सालय में भर्ती ग्राम रीछपुरा ब्लाक बिरधा निवासिनी गंभीर बीमारी से ग्रसित रामदेवी रैकवार को बृजेश कुशवाहा ने अपना बहुमूल्य ओ नेगेटिव ब्लड आठवीं बार किया। रक्तदान महिला मरीज के बेटे नंदलाल रैकवार ने बताया मैं दो दिन से ओ नेगेटिव ब्लड के लिए परेशान हो रहा था, मेरी मां की किसी ने भी मदद नही की। जय अंबे रक्तदान समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैयालाल रजक ने आगे आकर मेरी मां की मदद की है। मैं और मेरा परिवार रक्तदाता बृजेश कुशवाहा सहित समिति का आभार व्यक्त करते हैं एवं सदैव आभारी रहेंगे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैया लाल रजक, राहुल जैन, वैभव जैन टिन्ना, नंदलाल रैकवार, मलिक हयात, बंटी सोनी, सीताराम कुशवाहा, नीलेश सोनी चंदेरी आदि रहे।



### भंडारे के आयोजन में उमड़ी भीड़

## सनातन सांस्कृतिक संघ के सदस्यता अभियान में पुस्तक का विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

सनातन सांस्कृतिक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्षा हरिप्रिया भार्गव की अध्यक्षता में चिरगांव स्थित कनकने वाटिका में सनातन सांस्कृतिक संघ का सदस्यता अभियान, पुस्तक विमोचन और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में झांसी ललितपुर जिले के लगभग 100 से अधिक गांवों से संतों, समाजसेवियों, युवाओं, मातृशक्ति एवं जागरूक नागरिकों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर सनातन संकल्प पत्र को औपचारिक रूप से अंगीकार किया गया, जिसके माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा एवं उसके मूल्यों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता, संकल्प और सहभागिता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण सनातन सांस्कृतिक सूची का विमोचन रहा यह पहल 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में सनातन संस्कृति की सही समझ, संस्कार और वैचारिक दिशा को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। मंच के माध्यम से हरिप्रिया भार्गव ने कहा हमारे पूर्वज जो भारतीय संस्कृति को सजोकर गए हैं, उसे हमें बचाकर रखना है। वरना हम टूटते ही जाएंगे हमें अपनी अपनी जातियों में मतभेद रखकर नहीं बटना चाहिए. तभी सनातन सुरक्षित रह सकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने सभा में कहा कि सनातन सांस्कृतिक संघ का उद्देश्य आने वाली पीढी संस्कार बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करें इसके लिए संघ कार्य कर रहा है। सनातन सांस्कृतिक संघ सभी सनातनियों को जोड़कर उनकी समस्याओं के लिए उनके निदान के लिए कार्य करेगा अन्य वक्ताओं ने सनातनियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए अनेक जानकारियां दी गयी। उपरांत एक विशाल भंडारी का आयोजन किया गया, भंडारे के उपरांत ललितपुर जिले के संघ के सदस्यों ने आते समय ओरछा स्थित श्रीरामराजा सरकार के दर्शन किये। इस दौरान ललितपुर- झांसी के सनातन सांस्कृतिक संघ के हजारों सदस्य पहुंचे और अपनी सहभागिता दर्ज करायी। इस दौरान अध्यक्षता हरिप्रिया भार्गव राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन सांस्कृतिक संघ ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद सचान राष्ट्रीय सलाहकार सनतान सांस्कृतिक संघ, राजेश कपूर राष्ट्रीय सलाहकार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी संयोजक मनोज जैन, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, राहुल कनकने चिरगांव, डा.बी.आर.विश्वकर्मा, यात्रा प्रभारी सुदामा प्रसाद दुबे बांसी, डा.सुशील विश्वकर्मा, वरिष्ठ पदाधिकारी एंव मान्यता प्राप्त पत्रकार पवन संज्ञा, अक्षित पांचाल, अमित पाठक, मनोज तिवारी (टाटा), हरिचरण सिंह लोधी राजपूत, प्राण सिंह, राज बहादुर सिंह, देवकीनंदन प्रजापति, संदीप दुबे बानपुर, सत्येंद्र रावत, राघवेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, कृष्ण प्रसाद सिंह, धनेंद्र प्रताप सिंह, जनडेल सिंह, कृष्ण शंकर पाराशर पूर्व प्रधान कारीटोरन, सदस्यता अभियान टीम में जे.के. श्रीवास्तव कार्यालय प्रभारी, राजेश कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, सौरभ साहू, रमाकांत कुशवाहा, निहाल कुशवाहा, महिला टीम में वैष्णवी राठौर, ज्योति शर्मा, सीमा कुशवाहा, ज्योति राजपूत, प्रियंका राजपूत आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में दायित्व निभाते दिखे।

### पुलिस को पत्र देकर की शिकायत

## अभाविप के प्रांत कार्यसमिति सदस्य को जान से मारने की धमकी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती में रहने वाले कृष्ण गोपाल शर्मा पुत्र दिनेश शर्मा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिले का नगर मंत्री व कानपुर प्रान्त कार्यसमिति का सदस्य है। बताया कि बीती 25 दिसम्बर को उसके मित्र चाहत राजा पुत्र अवसर सिंह ने सूचना दी कि थाना बानपुर के ग्राम खिरिया छतारा में रहने वाला शिवम राजा पुत्र हिम्मत सिंह के विरूद्ध रंजिश रख रहा है। बताया कि शिवम राजा ने खुलेआम कहा है कि जैसे ही मौका मिलेगा, ललितपुर में कहीं भी दिखायी देखा तो वह गोपाल शर्मा को गोली मार देगा। पीड़ित ने उक्त धमकी से भरा मैसेज भी देखा है, जिससे स्पष्ट है कि उसकी जान को गंभीर खतरा है। यह कि शिवम राजा एक दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। इस धमकी के बाद से वह व उनका परिवार डरा हुआ है और जानमाल की सुरक्षा को लेकर अत्यन्त चितिंत है। बताया कि वह अभाविप की मीटिंग के लिए शहर के कई कॉलेजों और विद्यालयों में जाना होता है।

## खेत में डले पाइप को काटने से मना करने पर मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।

थाना जखौरा के ग्राम सांकरवारा कलां निवासी जितेन्द्र पुत्र भगवान सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 30 दिसम्बर 2025 को 1 बजे वह खेत पर डले पाइप को घनश्याम पुत्र मुन्नालाल सहरिया काटने लगा। जब उसने पाइप काटने से मना करने पर घनश्याम ने उसे गालियां दीं और मारपीट करने लगा। बचाने आयी उसकी पत्नी रचना के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### दबंगों ने घर आकर धमकाया

ललितपुर। मदनपुर थाना के ग्राम पहाड़ीकलां निवासी रघुवीर पुत्र स्व.मुलायम सिंह ने पुलिस ने को तहरीर दी है। बताया कि बीती शाम करीब 8 बजे दुकान का सामान लेने गया था, तब उसकी पत्नी व बहू घर पर थी। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी ने बताया कि गांव के तेज सिंह पुत्र धर्मसिंह, रवि पुत्र नवल सिंह, बृजभान सिंह पुत्र हुकुम सिंह आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### तीस साल का दर्द खत्म, ललितपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों ने रचा कीर्तिमान

# 38 वर्षीय महिला का 30 वर्षों से बंद मुंह का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर।




स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने एक ऐतिहासिक सफलता हांसिल की है। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में मैक्सिलोफेशियल सर्जन डा.दीपिका कुमारी जैन ने निश्चेतना विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी एवं डा.चेतन राज के समन्वय से 38 वर्षीय महिला मरीज का सफल ऑपरेशन किया। उक्त मरीज का मुंह विगत 30 वर्षों से पूर्णतः बंद था। जटिल ऑपरेशन को सकुशल बेहोशी में संपन्न कर मरीज को नया जीवनदान दिया गया। यह जनपद में इस प्रकार की पहली सर्जरी है, जिसने यह सिद्ध कर दिया है कि अब मुंह, चेहरे एवं जबड़े से संबंधित छोटी से लेकर बड़ी सभी बीमारियों का उपचार ललितपुर मेडिकल कॉलेज में संभव है। नगर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी राजकुमारी, जो पिछले 30 वर्षों से मुंह न खुलने की बीमारी से पीड़ित थीं, को बोलने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। वह केवल तरल आहार (लिक्विड डाइट) ही ले पा रही थीं, जिससे उनका वजन लगातार घट रहा था। उन्होंने अनेक चिकित्सकों से संपर्क किया, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी और उन्होंने यह मान लिया था कि अब उन्हें जीवन इसी अवस्था में व्यतीत करना होगा। निराशा के इस दौर में उन्हें तब आशा की किरण दिखाई दी, जब वे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुँचीं। डा.दीपिका कुमारी जैन ने जांचों के आधार पर बताया कि मरीज का निचला जबड़ा एवं सिर की हड्डी आपस में जुड़ गई है, जिसके कारण मुंह पूर्णतः बंद हो गया है। इस स्थिति को मेडिकल भाषा में टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकायलोसिस कहा जाता है। इसके उपचार हेतु ऑपरेशन की सलाह दी गई। निश्चेतना विभाग डा.चेतन राज एवं विभागाध्यक्ष डा.कौशल विजलानी की सहमति के पश्चात डा.दीपिका कुमारी जैन द्वारा सफल सर्जरी की गई। सर्जरी के दौरान मरीज के दोनों जबड़ों की हड्डी को सिर की हड्डी से अलग किया गया, जिससे ऑपरेशन के दौरान ही मरीज का मुंह सामान्य रूप से खुल गया। इस जटिल सर्जरी में जूनियर डा. कोकिल एवं नर्सिंग स्टाफ में राजेंद्र कुशवाहा, मनीष, दीप्ती, प्रभा अरविन्द तथा राजेश रॉकी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। डा.दीपिका कुमारी जैन ने बताया कि यह ऑपरेशन अत्यंत जटिल था, क्योंकि इस भाग से चेहरे की महत्वपूर्ण नसें गुजरती हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना मरीज के फेशियल एक्सप्रेशन के लिए अत्यंत आवश्यक होता है जो कि मरीज राजकुमारी का सफल रहा, भविष्य में समस्या की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सिर से फ्लैप लेकर जॉइंट स्पेस में ट्रांसफर किया गया। निश्चेतना विभाग के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती थी, जिसे डा.कौशल विजलानी एवं डा. चेतन राज ने कुशलतापूर्वक निभाया। ऑपरेशन के पश्चात दंत रोग विभागाध्यक्ष डा.प्रियंका गुवरैले ने बताया कि यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत की गई। यह दंत रोग विभाग एवं निश्चेतना विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। डा.मनीष माथुर ने बताया कि मरीज अब सामान्य रूप से भोजन कर पा रही है। सफल परिणाम से मरीज के परिजनों में खुशी का माहौल है।

## जिला पुलिस की गठित 7 विशेष टीमों ने जंगलों में घेरकर 3 आरोपी दबोचे

# खुलासाः पारदी गैंग ने राजगढ़ के सर्राफा बाजार में मचाई थी दहशत

### गिरफ्तार आरोपियों के लिए न्यायालय से मांगी गई पुलिस रिमांड
### एसपी बोले-अन्य आरोपी भी जल्द होंगे सलाखों के पीछे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजगढ़ मुख्यालय के किला क्षेत्र स्थित सर्राफा बाजार में 12 से 15 हथियारबंद बदमाशों ने काफी समय तक दहशत मचाते हुए तीन दुकानों को अपना निशाना बनाया था। यह हथियारबंद बदमाश अलग-अलग सरार्फा व्यापारियों के यहां से करीब 14 लाख रुपए से अधिक का माल लूटकर ले गए थे।

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में गठित पांच विशेष टीमों में शामिल 75 से अधिक पुलिसकर्मियों ने दहशत की इस वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गुना जिले के जंगलों में पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पारदी गैंग से ताल्लुक रखते हैं जिन्होंने पूरे गुना, अशोकनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत मचाई हुई है। फिलहाल जो तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं उनमें गैंग का मुखिया भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट और चोरी का कुछ सामान सहित बाईकें बरामद कर ली हैं। अब पकड़े गए आरोपियों के लिए न्यायालय से पीआर मांगी जा रही है ताकि अन्य दहशतगर्दों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

#### गैंग के मुख्य सरगना पर अनेकों अपराध पूर्व से दर्ज

एसपी तोलानी ने बताया कि पारदी गिरोह के जिन बदमाशों ने राजगढ़ में इस वारदात को अंजाम दिया उनके सरगना जीवा पिता रोवा पारदी निवासी ग्राम कनारारी थाना धरनावदा जिला गुना पर दर्जनों अपराध दर्ज हैं। इसके साथ ही गिरफ्तार अन्य दो आरोपियों में गिरिराज पिता जगदीश पारदी निवासी ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा जिला गुना एवं छोटू पिता छैला पारदली निवासी गुना शामिल हैं।

#### अन्य आरोपियों को पकड़ने न्यायालय से मांगी पीआर

राजगढ़ में हुई लूट व डकैती की इस वारदात को 12 से 15 बदमाशों ने अंजाम दिया था। अब पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है उनके लिए न्यायालय से आठ दिवस की पीआर(पुलिस रिमांड) मांगी गई है ताकि शेष आरोपियों को जल्द दबोचा जा सके। आरोपियों के पास से 01 भरमार बंदूक, 115 टोपी भरमार बंदूक, 15 जिंदा कारतूस, छह मोटर साइकिल, लूट में प्रयुक्त अन्य सामग्री सहित 2 लाख 50 हजार का माल अब तक जब्त किया जा चुका है। पुलिस को मिली इस सफलता में गुना जिले की पुलिस टीम का भी अहम योगदान रहा है।

#### गुना के जंगलों में पकड़ाए आरोपी

- पुलिस टीमों ने बिना रोशनी के जंगल में मूवमेंट किया।
- अलग-अलग दिशाओं से घेराबंदी की गई।
- जंगल के भीतर आरोपियों ने सूअर का मांस भी पकाकर खाया।
- चैतरफा घेराबंदी के बाद 3 गिरफ्तार बाकी फरार

#### मध्यरात्रि किला क्षेत्र में पहुंचे थे ये हथियारबंद बदमाश

24-25 दिसंबर की मध्यरात्रि राजगढ़ नगर के किला क्षेत्र में सराफा व्यापारी राजू सरार्फ के यहां सबसे पहले वारदात को अंजाम दिया गया। यहां बदमाशों उनकी दुकान का शटर उचकाकर करीब 10 के लगभग नकदी एवं ज्वेलरी पर हाथ साफ किया था। इसी मकान में सचिन सोनी की दुकान का ताला तोड़कर तिजोरी में रखी गुल्लक निकालकर उसमें रखे करीब 40 हजार रुपए व ज्वेलरी पर भी बदमाश लूट ले गए थे। 15 से अधिक की संख्या में आए इन बदमाशों ने समीप के मुकेश सोनी की दुकान पर भी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हो पाए थे।

---

**विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही हुई थी मौत**

## बंदर की अंत्येष्टि करके जीवों पर दया करने का दिया संदेश



**ब्यावरा।** नगर में मंगलवार को राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने एक बंदर की 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब बंदर बिजली के खंभे पर चढ़ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खंभे पर चढ़ते समय बंदर अचानक विद्युत तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा। स्थानीय रहवासियों ने तुरंत बंदर को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज करंट और ऊंचाई के कारण वे सफल नहीं हो सके। घटना के बाद बंदर का एक साथी खंभे से नीचे उतर आया, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर एकत्रित हो गए। लोगों ने इस घटना को दुखद बताते हुए विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने बंदर को भगवान श्री हनुमान जी का स्वरूप मानते हुए उसे पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ अंतिम विदाई देने का निर्णय लिया। इसके बाद बंदर को पुष्पमालाओं से सजाया गया और एक भव्य शवयात्रा निकाली गई। यह शवयात्रा राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारे के सामने से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई ब्यावरा के मुक्तिधाम पहुंची।

यात्रा के दौरान ग्राम नाम सत्य है और जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे। मुक्तिधाम पहुंचने पर विधिवत हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार बंदर का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवियों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से रामधुन का जाप किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने भगवान श्रीरामचंद्र जी से प्रार्थना की कि वे अपने परम भक्त श्री हनुमान जी के रूप में बंदर को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने इस घटना को मानवता और जीवों के प्रति करुणा का एक उदाहरण बताया। इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, विनोद जाट, हिमांशु सोनी, नीरज शर्मा, लोकेंद्र परमार, सुनील धाकड़, पप्पू धनगर सहित कई लोग मौजूद रहे।

---

## नाबालिग पीड़िता के साथ बलात्संग के दोषी को 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई

**नरसिंहगढ़।** तहसील न्यायालय नरसिंहगढ में पदस्थ द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अशोक भारद्वाज, नरसिंहगढ़ ने अपने न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक 183/2021 धारा 376, 376(2) एन, 506 भादवि एवं 5/6 पाक्सो एक्ट में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास से दण्डित किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पीड़िता का घटना के एक वर्ष पूर्व जब वह स्कूल जाती थी तब उसकी पहचान अभियुक्त से हुई थी। उसी दौरान वह आरोपी पीड़िता का मोबाईल नंबर ले लिया था। इसी दौरान मोबाइल से बातचीत कर पीड़िता को बहला फुसलाकर जब अभियुक्त के घर पर कोई नहीं होता था तब अभियुक्त ने पीड़िता को घर पर बुलाकर उसके मर्जी के विरूद्ध उसके साथ गलत काम (बलात्कार) किया था न्यायालय ने अपराध को गंभीर घटना मानते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से उक्त प्रकरण में पैरवी मनोज मिंज एडीपीओ नरसिंहगढ़ द्वारा की गई।

---

### उल्टी-दस्त से पीड़ित हुए 12 लोगों को खिलचीपुर अस्पताल में किया गया भर्ती

## प्रसादी से कई लोग बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के गादिया लुहार गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की प्रसादी ग्रहण करने से आसपास के तीन-चार गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई जिनमें से 12 बीमारों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार कथा आयोजन में लोगों ने प्रसादी गृहण की थी। इसके उपरान्त कईं बच्चों व लोगों को पेट में दर्द, दस्त, जलन व अन्य शारीरिक तकलीफें शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि 12 लोगों को खिलीचपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। हालांकि, फिलहाल सभी की हालत सामान्य है। अस्पताल में भर्ती लोगों ने बताया कि प्रसादी गृहण करने के बाद उन्हें पेट में जलन, दस्त जैसी तकलीफ शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि को नेगड़ियां गांव के कुछ युवकों और बच्चों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इनमें सोनू तंवर, उर्मिला तंवर, दुलीचंद तंवर, राकेश तंवर, बलवंत तंवर, लखन तंवर, बबलू तंवर, हरिसिंह तंवर, रामबाबु तंवर और निलेश तंवर शामिल हैं। सभी का इलाज अस्पताल में किया गया। नेगडिया निवासी दुलीचंद तंवर ने बताया कि भोजन करने के बाद गांव में 20 से 25 लोग बीमार हुए हैं जिनमें से 12 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

#### फूड पॉइजनिंग की आशंका

खिलचीपुर अस्पताल में पदस्थ डॉ. विशाल सिसोदिया ने बताया कि रात्रि में 12 मरीजों को अस्पताल लाया गया जिन्हें दस्त, पेट में जलन जैसी तकलीफ थीं। प्राथमिक उपचार उपरान्त सभी की हालात फिलहाल सामान्य है। उन्होंने बताया कि आसपास के अन्य गांवों के लोगों के संबंध में भी इसी तरह की बात मालूम हुई है।

---

**कलेक्टर ने संवाद से समाधान कार्यक्रम में लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई**

## सीएमओ को नोटिस, एक की वेतनवृद्धि रोकी, कंप्यूटर ऑपरेटर का काटा वेतन



**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने हर मंगलवार 'संवाद से समाधान' जैसा अभिनव कार्यक्रम शुरू किया है जिसके तहत आमजनों की समस्याओं को लेकर संबंधित शिकायतकर्ता और विभाग प्रमुख को आमने-सामने बैठाकर मामलों का निपटारा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाती है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में शिकायतकर्ता नाथूलाल जाटव द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय बद्रीलाल जाटव की मृत्यु 24 फरवरी 2025 को हुई थी। 2 मार्च को अंत्येष्टि सहायता हेतु नगर परिषद पचोर में आवेदन दिया था। लेकिन आज दिनांक तक अंत्येष्टि सहायता राशि नहीं मिली। कलेक्टर ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सीएमओ पचोर को कारण बताओ नोटिस, शाखा प्रभारी मांगीलाल गुर्जर की एक वेतन वृद्धि रोकने व कम्प्यूटर आपरेटर का सात दिवस का वेतन काटने के तत्ख निर्देश प्रदान किए।

इसी तरह शिकायतकर्ता गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि आवेदक रमेश परमार की सामान्य मृत्यु पर संबल योजना के तहत मिलने वाला लाभ आज तक नहीं मिला है। कलेक्टर ने शिकायत पर सीईओ जनपद नरसिंहगढ़ को निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी कर्मचारी की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही कर हितग्राही को 07 दिवस में भुगतान करवाएं।

#### हितग्राहियों को त्वरित भुगतान के निर्देश

शिकायतकर्ता रेखा गुजराती ने बताया कि गीताबाई के बालक अम्बाराम बागरी की मृत्यु 14 जनवरी 2023 को सड़क हादसे में हुई थी। उन्हें भी संबल योजना का लाभ नहीं मिला है। शिकायत की जांच में सीईओ जनपद सारंगपुर द्वारा बताया गया कि हितग्राही की राशि स्वीकृत हो गई हैं। तकनीकि कारण से ईपीओ फेल होने से भुगतान न हो सका। कलेक्टर ने सात दिवस में भुगतान कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य दो शिकायतों के मामलों को भी कलेक्टर ने मौके पर ही निपटवाकर संबंधितों को त्वरित भुगतान करवाने के आदेश प्रदान किए।

---

## दो अलग-अलग मामलों में सारंगपुर थाने पर दुष्कर्म के प्रकरण दर्ज

**एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे की तलाश जारी**

**सारंगपुर।** नगर के पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग मामलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ति महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध बलात्कार सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किए हैं। एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे मामले में आरोपी की तलाश लगातार जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में मुकेरवाड़ी निवासी सलीम पिता अब्दुल समद उम्र 45 वर्ष के विरुद्ध एक ही समुदाय की महिला ने थाना सारंगपुर में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के बयान के अनुसार आरोपी सलीम ने महिला के साथ दुष्कर्म किया तथा इस दौरान उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी द्वारा उक्त वीडियो को वायरल कर महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलीम को गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी से



पूछताछ जारी है तथा इस मामले में और भी आरोपियों की भूमिका सामने आने की संभावना है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है तथा जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। दोनों मामलों ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। पुलिस द्वारा पीड़ति महिलाओं को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा मामलों की निष्पक्ष जांच की जा रही है।

---

## पेंशनर्स का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**जीरापुर।** पेंशनर संघ के तत्वावधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिवीर आयोजित किया गया। तहसील कार्यालय के पास स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को जिला आयुष चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ के निर्देशन में पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर डॉक्टर अतुल प्रजापति आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डा. संजय दांगी सामुदायिक आयुर्वेदिक चिकित्सक, रामलाल वर्मा ,नानुराम मालवीय कम्पाउन्डर , दिनेश शर्मा होम्योपैथिक कम्पाउन्डर सहित टीम द्वारा निशुल्क परीक्षण एवं निशुल्क औषधि वितरण की गई। जहां पर 86 पेंशनरों को स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत औषधि वितरण की गई। पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने आगुंतक पेंशनरों एवं अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने बताया कि पेंशनर संघ भवन में विधायक हजारीलाल दांगी , सहित पेंशनर बंधुओं ने पंखे , पलंग , कुर्सीयां , पानी की टंकी , पानी की मोटर आदि का सहयोग प्रदान किया जिससे पेंशनर यहां बैठकर संगठन की अपनी गतिविधियों की चर्चा कर सकें।

---

### 51 किलो फूलों से सजा दरबार

## खाटू श्याम मंदिर पर एकादशी पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया



**ब्यावरा।** नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में मंगलवार को पौष पुत्रदा एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंज उठा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने व्यापक और सुव्यवस्थित तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। फूलों से सजे बाबा के अलौकिक स्वरूप ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और बाहर के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे। इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं निकाली गईं।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में निशान अर्पित किए। शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

---

### राजस्व जमीन पर कब्जा जमाने विद्याधाम कॉलोनी ने 50 मीटर में दिए 3 इंट्रेस गेट

# रेसीडेंसियल कॉलोनी में बना कॉमर्शियल कॉप्लेक्स

**- नगर पंचायत में भी जमा नहीं की विकास शुल्क, नियमों की उड़ा दी धज्जियां**
**- प्रशासनिक जुर्माने के बाद भी राजस्व की जमीन पर कर रखा है अतिक्रमण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी बनाने के साथ साथ कॉमर्शियल कॉम्लेक्स बनाने के चलते जहां मालचपुर प्रशासन ने जुर्माना लगाया था फिर भी कॉलोनाइजर द्वारा लगातार कार्य जारी है। माचलपुर - बकानी को जोडने वाले स्टेट हाइवे नंबर 51 पर रकबा नंबर 1239 पर स्थित विद्याधाम कॉलोनी ने सारे नियमों को ताख पर रखकर निर्माण कार्य जारी रखा हुआ है। हालात यह है कि 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 इंटरेंस गेट दिए गए है जिसकी मुख्य बजह राजस्व की सरकारी जमीन पर कब्जा करना बताया जा रहा है।

करोड़ों की वेशकीमती राजस्व जमीन पर भू-माफिया की निगाह है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सरकारी जमीन पर सीमेट के पिलर की बाउंड्री करवा दी है जिससे वह सरकारी जमीन का उपयोग कॉलोनी के फायदे की लिए कर सके। प्रशासन की आखों के नीचे इस तरह से एक भू माफिया अपनी मनमानी कर सरकारी जमीन का उपयोग अपने फायदे के लिए कर रहा है और अधिकारियों ने ऑखें मूंद ली हैं। माचलपुर जैसे छोटे से शहर में करोडो की जमीन पर माफियाओं द्वारा अतिक्रमण को अधिकारियों और पटवारी द्वारा नजरअंदाज को क्या समझा जाए। इस बारे में जब टीएनसीपी भोपाल बात करने पर अधिकारी डोगने ने बताया कि यह देखना पडेंगा की माचलपुर में कोई अधिकृत कॉलोनी है या नहीं इसके लिए मुझे आप थोडा समय दीजिए।

#### नगर पंचायत में विकास शुल्क भी नहीं किया जमा

रेरा व टीएनसीपी का राग अलापने वाले विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा गलत जानकारी दी जा रही है इसकी पुष्टि नगरपंचायत ने कर दी । नगर पंचायत ने आधीकारिक जानकारी देते हुए बताया कि विद्याधाम कॉलोनी ने कोई विकास शुल्क जमा नहीं की है फिर किस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जल्दी ही नगरपंचायत भी इन अवैध कौलोनियों को नोटिस जारी करने वाली है।

#### दुकानों की कीमत बढ़ाने राजस्व की जमीन पर किया कब्जा!

शासकीय जमीन पर विद्याधाम कॉलोनी के सत्यनारायण रामगोपाल मोदी द्वारा रहवासी कॉलोनी में निर्मित दुकानों के सामने अतिक्रमण कर कब्जा किया गया है जिस पर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने अर्थ दंड की कार्यवाही कर बेदखली की कार्रवाई भी की थी। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी कॉलोनाइजर रामगोपाल सत्यनारायण मोदी ने पूर्ण रूप से अपना अतिक्रमण नही हटाया है जिससे यह साफ जाहिर होता है अतिक्रमणधारी इस बेशकीमती शासकीय जमीन से अपना अतिक्रमण नही हटाना चाहता है। जिससे यह साफ जाहिर होता है की कालोनी में बनी दुकानों के मुख्य मार्ग पर कनेक्ट होने पर उनकी दुकानों की कीमत कई गुना बढ़ जावेगी । जिम्मेदार अधिकारी का इस और ध्यान ना देना अनेक तरह की शंका को जन्मदेता है।

#### 50 मीटर में 3 प्रवेश द्वार क्यों ?

विद्याधाम कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्धारा अपने फायदे के लिए सारे नियमों को ताख पर रखकर 50 मीटर के अंदर ही एक ही तरफ से 3 प्रवेश द्धार दिए गए है जिससे राजस्व की बेशकीमती भूमि को दबाया जा सके और कॉमर्शियल कॉप्लेक्स बनाकर भी मोटी रकम वूसल सकें। इस बारे में जब उनसे बात की गई तो वह सारी अनुमतियां होने का दावा करते नजर आए अब देखना यह है कि टीएनसीपी से कब हुई और कौन सा नक्शा पास किया गया इसकी रिपोर्ट भी जल्दी ही प्रकाशित की जाएगी।

#### इनका कहना है...

हमने पूर्व में भी कार्रवाई की है और यदि फिर अतिक्रमण किया तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

भेरूलाल दांगी, पटवारी माचलपुर